Seat No. : | | | | | |

Time : 1½ Hours

**HINDI COMPOSITE (S.L)**

**Subject Code**

| S | 1 | 6 | 5 |
|---|---|---|---|

**Total No. of Questions : 5** **(Printed Pages : 4)** **Maximum Marks : 40**

***सूचनाएँ :*** *i) प्रत्येक प्रश्न के उत्तर नए **पृष्ठ** से शुरू कीजिए।*

*ii) प्रश्न **क्रमांक** और **उप–प्रश्न** क्रमांक स्पष्ट लिखिए।*

*iii) सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*iv) **दायीं** ओर दर्शाए गए **अंक** प्रश्न के **गुण** दर्शाते हैं।*

1. अ) निम्नलिखित गद्यखण्ड को पढ़कर उसके नीचे दिए हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **[2]**

रुग्णावस्था में हरिदास को बार–बार भ्रम होता था – कहीं यह मेरी तृष्णा का दंड तो नहीं है। जी में आता था, मगनसिंह को बीजक दे दूँ और क्षमा की याचना करूँ, पर भंडाफोड़ होने का भय मुँह बंद कर देता था। हरिदास की मृत्यु के पीछे यह बीजक उनके सुपुत्र प्रभुदास के हाथ लगा।

च) उपर्युक्त गद्यखण्ड किस पाठ से लिया गया है ?

छ) हरिदास के जी में क्या आता था ?

आ) निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर **10-12** शब्दों में लिखिए। **[2]**

च) देश–विदेश के पर्यटक बड़ी संख्या में गोवा कब आते हैं ?

छ) सागर तट पर आकर पर्यटक अपनी कौनसी इच्छा पर नियंत्रण नहीं कर पाते हैं ?

इ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येकी **30/40** शब्दों में लिखिए। **[6]**

च) डॉ. रघुनाथ माशेलकर जी की पढ़ाई कैसे हुई ?

छ) अरुणिमा सिन्हा का भविष्य में क्या करने का इरादा है ?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येकी **10/12** शब्दों में लिखिए। (किन्हीं **तीन**) **[6]**

च) रनिया को कैसे कपड़े पहनने पड़ते हैं ?

छ) आजादी खतरे में पड़ी देखकर सैनिक कब तक लड़ते रहे ?

ज) रविन्द्रनाथ ठाकूर जी के अनुसार अंधकार दूर होने पर क्या होगा ?

झ) कबीर के अनुसार मनुष्य को ईश्वर का स्मरण कब करना चाहिए ?

3. अ) निम्नलिखित अव्ययों में से किसी **एक** अव्यय का सार्थक वाक्य में प्रयोग कीजिए। **[1]**

च) के पास

छ) क्योंकि

आ) निम्नलिखित शब्दों में से किसी **एक** शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए। **[1]**

च) सरहद

छ) सफर

इ) निम्नलिखित शब्दों में से किसी **एक** शब्द का विलोम शब्द लिखिए। **[1]**

च) आशा

छ) मेहनती

ई) निम्नलिखित मुहावरों में से किसी **एक** मुहावरे का अर्थ लिखकर उसका सार्थक वाक्य में प्रयोग कीजिए। **[2]**

च) शुक्रिया अदा करना

छ) कानों कान खबर न होना

उ) निम्नलिखित में से किसी **एक** शब्द-युग्म का सार्थक वाक्य में प्रयोग कीजिए। **[1]**

च) गुम-सुम

छ) मौज-मस्ती

ऊ) निम्नलिखित शब्दों में से किसी **एक** शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए। **[1]**

च) पर्वतारोहण

छ) हिमालय

ए) निम्नलिखित वाक्यों में उचित कारक चिह्नों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। पूर्ण वाक्य फिर से लिखिए। **[1]**

च) परिवेश नाटक __________ एक महत्वपूर्ण तत्व है। (का/ने/से)

छ) शरीर __________ कुछ विद्रोही कोशिकाएँ भी पैदा होती है। (ने/की/में)

4. अ) निम्नलिखित रूपरेखा के आधार पर **एक** कहानी लिखिए। कहानी को उचित सीख और शीर्षक भी लिखिए। **[4]**

एक गाँव ———— पालतू हाथी ———— हर दिन नहाने पास के तालाब पर जाना ———— रास्ते में एक दर्जी की दुकान ———— दोनों में दोस्ती ———— दर्जी का रोज हाथी को खाना खिलाना ———— हाथी का दर्जी को तालाब का कमल देना ———— एक दिन दर्जी के मन में शरारत का विचार ———— हाथी के सूँड को सुई चूभाना ———— हाथी का तालाब से किचड़ भरा पानी लाना ———— दर्जी पर डालना ———— सीख।

**अथवा**

संभव/संजना नाईक केपे, गोवा से पेडणे में रहनेवाले अपने मित्र/सहेली राजेश/रमा देसाई को पत्र लिखकर अपने गाँव में होनेवाले दसरोत्सव को बुलाता/बुलाती है। पत्र का नमुना लिखिए।

आ) निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर **100-125** शब्दों तक का **एक** अनुच्छेद लिखिए। **[4]**

च) जीवन में खेलों का महत्व।

छ) स्वच्छता अभियान में एक घंटा

ज) गोवा एक पर्यटन–स्थल

5. अ) निम्नलिखित गद्यखण्ड को पढ़कर उसके नीचे दिए हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **[5]**

भारत एक कृषि प्रधान देश है। हमारी सम्पन्नता कृषि उत्पादन पर निर्भर करती है। इस लक्ष की प्राप्ति के लिए भारतीय कृषक की एक बड़ी भूमिका है। वास्तव में भारत कृषकों की भूमि है। हमारी ७५% जनता गाँवों में रहती है। भारतीय किसान का सर्वत्र सम्मान होता है। वह ही सम्पूर्ण भारतवासियों के लिए अन्न एवं सब्जियाँ उत्पन्न करता हैं। पूरा वर्ष भारतीय कृषक खेत जोतने, बीज बोने एवं फसल उगाने में व्यस्त रहता हैं। वास्तव में उसका जीवन अत्यन्त व्यस्त होता है। कठिन परिश्रम के पश्चात् भी उसे बहुत कम लाभ होता है। वह अपनी उपज को बाज़ार में बहुत कम दामों में बेचता है। वह बहुत सादा जीवन जीता है। उसका पहनावा ग्रामीण होता है। वह घास फूस के झोपड़ों में रहता है हालांकि पंजाब, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश के बहुत से कृषकों के

पक्के मकान भी हैं। उसकी सम्पत्ति कुछ बैल, हल एवं कुछ एकड़ धरती ही होती है। वह अधिकतर अभावों का जीवन जीता है। एक कृषक राष्ट्र की आत्मा होता है। हमारे दिवंगत राष्ट्रपति श्री लाल बहादुर शास्त्री ने नारा दिया था 'जय किसान जय जवान'। उन्होंने कहा था कि कृषक राष्ट्र का अन्नदाता है। उसी पर कृषि उत्पादन निर्भर करता है। उन्हें कृषि के सभी आधुनिकतम यंत्र एवं उपयोगी रसायन उपलब्ध कराने चाहिए ताकि वह अधिक उत्पादन कर सके।

च) हमारी सम्पन्नता किस पर निर्भर करती है ?

छ) भारतीय किसान किन कामों में व्यस्त रहता है ?

ज) कृषक को परिश्रम के बावजूद लाभ क्यों नहीं मिलता ?

झ) किसान किस को सम्पत्ती मानता है ?

ञ) किसान को उत्पादन बढ़ाने में क्या मददगार हो सकता है ?

आ) निम्नलिखित गद्यखण्ड को पढ़कर उसके नीचे दिए हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **[3]**

मनुष्य उत्सवप्रिय होते हैं। उत्सवों का एकमात्र उद्देश आनंद-प्राप्ति है। यह तो सभी जानते हैं कि मनुष्य अपनी आवश्यकता की पूर्ति के लिए आजीवन प्रयत्न करता रहता है। आवश्यकता की पूर्ति होने पर सभी को सुख होता है। पर उस सुख और उत्सव के इस आनंद में बड़ा अंतर है। किसी एक आवश्यकता की पूर्ति से उसे जो सुख होते है वह अत्यंत क्षणिक होता है क्योंकि तुरंत ही दूसरी आवश्यकता उपस्थित हो जाती है। उत्सव के दिन हम अपने काम-काज छोड़कर विशुद्ध आनंद की प्राप्ति करते हैं। यह आनंद जीवन का आनंद है, काम का नहीं। उस दिन हम अपनी सारी आवश्यकताओं को भूलकर मनुष्यत्व का ख्याल करते हैं। उस दिन हम अपनी स्वार्थ-चिंता छोड़ देते हैं, कर्तव्य-भार की उपेक्षा कर देते हैं तथा गौरव और सम्मान को भूल जाते हैं।

च) किस उद्देश से उत्सव मनाये जाते है ?

छ) सुख की विशेषता क्या है ?

ज) उत्सव के दिन हम क्या भूलते हैं ?

---